**कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

दिनांक 27 सितम्बर 2022

## यू0पी0नीट पी0जी0 2022 की ऑनलाईन काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी तथा ई0डब्लू0 एस0 अभ्यर्थियों हेतु महत्वपूर्ण सूचना

यू0पी0नीट पी0जी0 2022 (एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा / डी0एन0बी0 / एम0डी0एस0) की प्रथम चक्र की ऑनलाईन काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी तथा ई0डब्लू0एस0 श्रेणी के अभ्यर्थियों को दिनांक 01 अप्रैल 2022 के बाद का निर्गत प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।

कार्यालय के संज्ञान में आया है कि कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया है, किन्तु प्रमाण पत्र अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं।

अतः उक्त के दृष्टिगत **अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी तथा ई0डब्लू0एस0 श्रेणी** के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हे उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, द्वारा नीट पी0जी0 2022 के पंजीकरण पोर्टल पर सम्बन्धित आवेदन प्रमाण पत्र की तिथि (जिस तिथि को आवेदन किया गया है) अंकित करते हुए पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

अभ्यर्थियों को आवंटन के पश्चात प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करते समय दिनांक 01 अप्रैल 2022 के पश्चात अन्य पिछडा वर्ग / ई0डब्लू0एस0 का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**महानिदेशक।**